हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता को नमन करने...



12 मुनि विशुद्ध सागर महाराज का 24 मुनियों संग...





**समस्या : भाठीगढ़ स्थित स्टेडियम की मरम्मत सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग**

# लाखों का मिनी स्टेडियम बदहाल, खिलाड़ी गड्ढों और झाड़ियों के बीच खेलने को हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देने और खेलकूद की तमाम सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के तत्कालीन डॉ. रमन सरकार द्वारा लाखों रूपए की लागत से सभी ब्लॉक मुख्यालयों में मिनी खेल स्टेडियम का निर्माण किया गया है। मैनपुर के भाठीगढ़ में भी लगभग 50 लाख रूपए की लागत से चार एकड़ की जमीन में उन्मुक्त मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया लेकिन यह स्टेडियम की हालत बेहद जर्जर होती जा रही है, स्टेडियम के चारो तरफ दर्शकों के बैठने के लिए गैलेरी का निर्माण किया गया है जो टूट-फूटकर तहस-नहस हो रहा है और दर्शकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, स्टेडियम के भीतर झाड़-झड़ूके गढ्ढो से खिलाड़ी हमेशा दुर्घटना के शिकार होते रहते है, समय-समय पर स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा स्टेडियम की साफ-सफाई किया जाता है लेकिन काफी लंबा-चौड़ा क्षेत्रफल होने के कारण इसका पर्याप्त रख रखाव नहीं हो पा रहा है, जबकि मैनपुर में जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हमेशा आयोजन किया जाता रहा है, प्रतिवर्ष नवंबर से लेकर फरवरी माह के बीच यहां शीतकालीन राज्य व जिला स्तरीय टूर्नामेंट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जहां प्रदेश के ख्यातिलब्ध टीमें भाग लेती है।

**ठेकेदार ने ही निर्माण कार्य को अधूरा कर पूरा राशि आहरण कर लिया-** स्टेडियम निर्माण के समय ही ठेकेदार द्वारा यहां गैलेरी का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। कई बार क्षेत्र के लोगो ने अधूरे गैलेरी को पूरा करने की मांग करते थक गए आज तक पूरा नहीं हो पाया और तो और मैदान की समतलीकरण भी ठेकेदार द्वारा नहीं किया गया, स्टेडियम का गेट भी टूट-फूट चुका है। इस मिनी स्टेडियम का उपयोग बड़े नेताओं के कार्यक्रमों के लिए अधिकांश तौर पर किया जाता है यहां हेलीपेड का निर्माण भी किया गया है, स्थानीय खिलाड़ियों ने बताया जब बड़े नेता यहां पहुंचते है तो हर बार उनसे स्टेडियम के सुधार और रख-रखाव के साथ बिजली, सौन्दर्यकरण की मांग करते है लेकिन अबतक इन मांगो को पूरा नहीं किया गया है।

**गंदगी व रंग रोगन का अभाव-** मैनपुर एक मात्र स्टेडियम में गंदगी और चारो तरफ गेलेरी में शराब की बोतल पड़े दिखाई देते है जिसे यह असानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाम के वक्त यहां शराबी शराब पीकर कचरा बिखेर देते है साथ ही स्टेडियम में शौचालय का भी व्यवस्था नही है रंग रोगन वर्शो से नही किया गया है यहां जब भी कोई खेल कुद का आयोजन किया जाता है तो आयोजक टीम को अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है कई दिनो तक स्टेडियम की साफ सफाई करवाना पड़ता है इस और मैनपुर के स्थानीय अधिकारियों द्वारा ध्यान नही देना समझ से परे है।





**स्टेडियम में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग**

ग्राम भाठीगढ़ के वरिष्ठ नागरिक हरिशचंद नेगी, खेदुनेगी, जनपद सदस्य जमुना नेगी, सरपंच पुष्पा नेगी, तुलसीराम नागेश, आशाराम यादव, रसीद खान, टीकम पटेल, दीपक यादव, प्रकाश पटेल, नंदकिशोर पटेल, शेख सरीफ रजा, मनीष निर्मलकर, गौकरण यादव, मनोज निर्मलकर, उमेन्द्र, मोहन साहू, गुमान यादव, शेखर क''यप, पारस सिन्हा, नजीब बेग, कोमल साहू, देवेन्द्र राजपूत सहित क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर एवं शासन प्रशासन से मांग किया है कि मैनपुर विकासखण्ड के एकमात्र पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ मे प्रवेश द्वार के साथ भवन का मरम्मत, रंग रोगन, टूटे -फूटे दरवाजा मरम्मत, दर्शकों के बैठने के लिए शेड निर्माण, शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था, पीच निर्माण व सौंदर्यीकरण सहित मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## अति नक्सल प्रभावित राजाडेरा और अमली पहुंचे एसपी वेदव्रत सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पहाड़ी के उपर बसा अमली एवं राजाडेरा में रविवार को नया पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर अचानक पहुंचे तो ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुशी से गदगद हो गये और अपनी समस्याओं से अवगत कराकर उन्हे समस्या समाधान करने की मांग किया, गरियाबंद पुलिस के ''संवाद'' कार्यक्रम अंतर्गत पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर एवं टीम के साथ आज थाना मैनपुर क्षेत्रतंर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम मटाल एवं राजाडेरा के ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुने। ग्राम अमली और राजाडेरा के बच्चों से उनके पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की गई, अभिभावकों को बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया ▶▶| शेष पेज 11 पर



संवाद के जरिए ग्रामीणों का जीता दिल

## खिलोरा में शिव महापुराण कथा की शुरुआत आज से

**अभनपुर।** ग्राम खिलोरा में 19 से 27 जनवरी तक श्री शिव महापुराण नवदिवसीय संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. युवराज पांडे अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को शिव महिमा का रसपान कराएंगे।

कथा महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। यह शोभायात्रा शंकराचार्य आश्रम से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक निकाली जाएगी। कलश यात्रा में आसपास के विभिन्न गांवों से 10 हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। श्री शिव महापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। आयोजक श्रीमती पुष्पा देवी गंगाधर अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

## शीतलहर से मिलेगी राहत, अगले 3 दिनों में 3 डिग्री तक चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



अगले तीन दिन रात के तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी के आसार बन रहे हैं, इसके पहले क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप रहा। अंचल में सुबह-सुबह कंपा देने वाली ठंड असर दिखा रही है, धीमे-धीमे दिन की लंबाई में होने वाली वृद्धि के साथ ठंड का असर भी कम होने की संभावना है। जनवरी का पहला पखवाड़ा जोरदार ठंड के साथ बीता है, दूसरे पखवाड़े में सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से अगले तीन दिनों से रात के तापमान में एक से तीन डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके अलावा लगातार आने वाले दो नए पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव से 26 जनवरी तक तापमान में विशेष गिरावट होने की संभावना नहीं, इधर सूर्य की दिशा उत्तर होने की वजह से दिन की लंबाई बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने सोमवार को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। ठंड के इस सीजन में रसेला ,छुरा सहित जिले के कई क्षेत्रों में 10- 15 तक डिग्री का तापमान होने की वजह से सुबह पाला जमता रहा। कड़ाके की ठंड पड़ती रही मगर इस बार अंचल में न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे नहीं जा पाया। मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2019 में एक जनवरी को न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था,इस सीजन जैसा हुआ उस तरह की स्थिति पिछले पंद्रह सालों में नहीं बन पाई थी।

## बाजाघाटी के पास दो ट्रकों में जबरदस्त भिड़ंत

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में दोपहर 12 बजे के आसपास बाजाघाटी के पास साईड देते समय आमने सामने से टकरा गया जिससे दोनों वाहनों के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए और सड़क के दोनों ओर एक घंटे तक जाम लगी रही। ज्ञात हो कि मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग बरदुला, बोईरगांव से लेकर ध्रुवागुड़ी तक सिंगल सड़क होने के कारण इन दिनों धान से भरा वाहन ज्यादा चलने के कारण दुर्घटनाए बढ़ गई है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्राकर ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर मैनपुर देवभोग, गोहरापदर क्षेत्र का दौरा कर भाजपा कार्यकर्ताओं एंव पदाधिकारियों से मुलाकात किया। इस दौरान उनके एक वर्ष के कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा होने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी, डॉ. मनीष सिन्हा, सुशील कुमार निधि, अरिवन्द्र तिवारी, चैनसिंह कश्यप एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिनका लाभ ▶▶| शेष पेज 11 पर



## सेवा ही है साधन का मूलमंत्र व उपाय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

■ तरीघाट में अमृत आनंद महोत्सव का आगाज, स्वामी अनुराज की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक स्वामी अनुराज जी की जयंती के पावन अवसर पर 18 एवं 19 जनवरी को श्री चंकेश्वरी दिव्य गुरुधाम तरीघाट में अमृत आनंद महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया है। यह आयोजन डॉ. आनंद मतावले के पावन संरक्षण, सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। प्रदेश भर इनके अनेक अनुयाई हैं, जो लोग गुरूजी से सम्बोधित करते हैं। आयोजन से जुड़े रामाधीन जोशी, रामगुलाल साहू ने कहा दो दिवसीय इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव में क्षेत्र के श्रद्धालुजन, साधक, साधिकाओं, शिष्यों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग एवं युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रहेगी। पूरे गुरुधाम परिसर में भक्ति, साधना, अनुशासन एवं आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहे हैं। इससे पहले कार्यक्रम के प्रथम दिवस स्वामी अनुराज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। डा. आनन्द मतावले के मार्गदर्शन में इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामी अनुराज जी के त्याग, तपस्या, मानवता, समरसता एवं आध्यात्मिक मूल्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गुरुजी डॉ. आनंद मतावले ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि स्वामी अनुराज जी का जीवन हमें आत्मिक शुद्धता, सेवा, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनका संदेश आज भी समाज को सही दिशा देने वाला है। अमृत आनंद महोत्सव का उद्देश्य केवल उत्सव नहीं, बल्कि मानव जीवन को ▶▶| शेष पेज 11 पर

**विधायक ध्रुव ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह**

## लादनपारा के कबड्डी महाकुंभ में खुडियाडीह बनी विजेता







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

स्टेमिना और टेक्निकल के खेल कबड्डी, ग्रामीण क्षेत्रों में खासी लोकप्रिय है, अक्सर किसी न किसी रूप में कबड्डी खेल आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रसेला के लादनपारा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ गुरुवार को स्थानीय जनप्रतिनिधि विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 21 टीमों ने भाग लेकर अपनी ज़ोहर दिखाया गया। इनमें खुडियाडीह प्रथम विजेता रही, जबकि अमलोर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं शुमकपन्ना टीम तृतीय स्थान हासिल किया और चतुर्थ स्थान पीपरछेडी टीम ने हासिल की। दो दिवसीय इस आयोजन का समापन भव्य रूप से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव, विशेष अतिथि सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, अध्यक्षता रूपादेवी ठाकुर सरपंच, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, कांग्रेस जोन मंडल अध्यक्ष बिगेन्द्र ठाकुर, पंच देवकी बाई, भावसिह मरकाम, संतराम नेताम, शिवशंकर जयसवाल, कमलेश्वर नायक, रामेश्वर सिन्हा सहित ग्राम प्रमुख मंच आसीन थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का पीला चांवल और बेंच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम संबोधित करते हुए विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि इस तरह के ▶▶| शेष पेज 11 पर

**खबर संक्षेप**



### कोसमबूढ़ा में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**छुरा।** ग्राम कोसम बूढ़ा में कनक राय हिंडाजा एवं समस्त परिवार द्वारा अपने पितरों के निमित्त श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक किया गया है, कार्यक्रम स्थल सहडा चौक कोसमबूढ़ा एवं कथा का समय 12:00 बजे से 5:00 बजे तक होगा, कथा प्रवचन करता पंडित बसंत मिश्रा जिला महासमुंद है, कार्यक्रम का शुभारंभ 19 जनवरी सोमवार को मंगलाचरण श्रीमद् भागवत महात्म कथा, 20 वराह अवतार की परीक्षित जन्म तथा 21 जनवरी बुधवार कपिल भगवान चरित्र एवं धुव चरित्र जड़ भरत कथा, 22 जनवरी गुरुवार भक्त प्रहलाद चरित्र गज ग्राह की कथा समुद्र मंथन से बलि भगवान प्रसंग, 23 जनवरी श्री राम जन्म श्री कृष्ण जन्म की कथा, 24 जनवरी शनिवार श्री कृष्ण दही लुट, रुक्मिणी विवाह, 25 जनवरीसुदामा चरित्र, 26 जनवरी परमधाम तुलसी वर्ष एवं 27 जनवरी में भागवत गीता प्रवचन हवन पूर्णाहुति सहस्त्र धारा स्नान प्रसादी एवं भंडारा कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम का आयोजन द्वारा अपने पितरों श्राद्ध के निमित्त कराया जा रहा है उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील है कथा का आनंद ले ने अवश्य आए।

### राजिम कुंभ कल्प मेला को लेकर समीक्षा बैठक आज

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा के संबंध में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में 19 जनवरी सोमवार को दोपहर 2 बजे राजिम रेस्ट हाऊस में आयोजित है। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय, आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, स्थानीय समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### युवा कांग्रेस की बैठक आज

**मैनपुर।** युवा कांग्रेस मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष सोहन नागेश ने बताया कि 19 जनवरी दिन सोमवार सुबह 11 बजे विश्राम गृह मैनपुर में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा एवं युवा कांग्रेस मैनपुर की कार्यकारणी आवश्यक संगठनात्मक बैठक, जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा एवं बिन्द्रानवागढ अध्यक्ष अमृत नागेश की उपस्थिति में आयोजित किया गया। श्री नागेश ने समस्त युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में आने की अपील किया है।

### चरौदा मड़ई आज

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत चरौदा मे धार्मिक, सांस्कृतिक खेल आयोजनों की भव्य श्रृंखला देखने को मिलेगा। ग्राम वासियों की तत्वावधान में 19 जनवरी को परंपरागत वार्षिक उत्सव मड़ाई मेला आयोजित किया जा रहा है। इस दिन सुबह चार बजे से देव विधान पूजा शुरू हो जायेगा। दोपहर राऊत समुदाय द्वारा एवं बैरक मड़ई का शौर्य प्रदर्शन होगा। यहां मेला का छोटा स्वरूप रहता है, यहां सभी प्रकार की दुकान, मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहते हैं। लोगों की रात्रि कालिन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत लोकनृत्य पार्टी, ग्राम बरही (सांकरा) कार्यक्रम हो रहा है। बता दें कि चरौदा मड़ाई का क्षेत्र भर के लोगो को इंतजार रहता है। यहां घर घर महेमानो का आना परम्परागत है।

## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद**। ग्राम धूपेनडीह के एक खेत में लगे सोलर पंप पैनल की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै। प्रार्थी सदानंद पटेल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने खेत में शासन द्वारा प्रदत्त सोलर पंप को डीही खार खेत में लगाया था, जिसे अज्ञात चोरी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### 3 तस्करों से 3000 नशीली गोलियां और कार जब्त

**रायपुर**। गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस-वे रोड के पास पंप हाउस के सामने क्विड कार को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर कार में तीन लोग सवार थे। इनमें प्रवीण बघेल 23 वर्ष निवासी न्यू शांति नगर, भावेश खटवानी 32 वर्ष निवासी लोधीपारा एवं राज दास 24 वर्ष निवासी न्यू शांति नगर चांदनी चौक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 300 स्ट्रिप्स एवं मोबाइल जब्त किया। नशीली गोलियां, वाहन एवं अन्य सामग्री की कुल जुमला कीमत लगभग 4 लाख रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए दी बीपी शुगर टेस्टिंग मशीन



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित प्री-प्रायमरी विशेष स्कूल में शनिवार को जैन संवेदना ट्रस्ट ने दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करने मुलाकात की। इसी दौरान जैन संवेदना ट्रस्ट की ओर से इन बच्चों की जांच के लिए बीपी शुगर टेस्टिंग मशीन स्कूल को प्रदान की। इस अवसर पर महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बच्चों के पालकों की सराहना की, क्योंकि दिव्यांग बच्चे पालकों की मेहनत लगन धैर्य से ही जीवन में विकास कर सकते हैं और समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बीपी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किए जाते हैं।

### जरवाय में 9 करोड़ की लागत से अमृत उद्यान

रायपुर। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों के साथ शनिवार को जरवाय क्षेत्र का निरीक्षण किया। अमृत मिशन के तहत वहां खाली पड़ी 10 एकड़ शासकीय भूमि पर 9 करोड़ की लागत से उद्यान बनेगा। इससे हीरापुर, जरवाय, अटारी क्षेत्र के रहवासियों को सर्व सुविधा युक्त गार्डन की सुविधा मिलेगी।

### किसानों के घर-घर जाकर धान सत्यापन करने की कार्रवाई की कड़ी निंदा

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के घरों में जाकर धान का सत्यापन करने की प्रक्रिया पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आपत्ति जताई है। राज्य में गिरदावरी, एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन और सोसाइटी में टोकन कटने की औपचारिकताओं के बाद भी सरकार के अधिकारी किसानों के घर पहुंचकर धान की जांच कर रहे हैं। यह कार्रवाई किसानों की मेहनत और सम्मान पर सीधा प्रहार है। क्या किसान चोर हो गए हैं? क्या उनकी मेहनत से उगाई गई फसल पर अब शक किया जा रहा है? भाजपा सरकार की यह नीयत किसानों को अपमानित करने और उन्हें संदिग्ध ठहराने की लग रही है। उन्होंने कहा, यदि सरकार के पास समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है या भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर ऐसी अनावश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं, तो यह किसानों के साथ धोखा है। पिछली कांग्रेस सरकार में धान खरीदी पारदर्शी और किसान-हितैषी रही है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियां किसानों को परेशान कर रही हैं।

---

**अपील : 8 लाख की इनामी नक्सली ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन से मां-भाई ने लौटने की लगाई गुहार**

# लौट आओ... वरना बहुत देर हो जाएगी, सक्रिय नक्सलियों से परिजनों ने की घर वापसी की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद के जंगलों में लंबे समय से सक्रिय नक्सलियों से अब उनके परिजनों ने घर वापसी करने के लिए भावुक अपील की है इसका वीडियो भी सामने आया है। हालांकि यह वीडियो तेलुगु और गोंडी भाषा में बताई जा रही है। इस वीडियो के माध्यम से गरियाबंद के जंगल में शेष बचे नक्सली जिसमें ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन से उनके परिजनों ने घर वापस लौटने की भावुक अपील की है। बताया जा रहा है कि दोनों 8 लाख रुपए की इनामी नक्सली है। इसके साथ ही सरेंडर कर चुके पूर्व नक्सलियों ने भी अपने साथियों को सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ लेने और समाज की मुख्यधारा में वापस लौटकर सुखी जीवन जीने के लिए भी अपील किया है। मालूम हो कि नक्सली खात्मे को लेकर सरकार ने मार्च 2026 की डेडलाइन तय की है, जो कि नजदीक है। ऐसे में अब शेष बचे नक्सलियों के परिजनों को डर सताने लगा है कि अगर वे समाज की मुख्यधारा में नहीं लौटते हैं तो जान से हाथ धोना पड़ सकता है। बस्तर हो या फिर गरियाबंद सुरक्षा बल के जवान अंदरूनी इलाकों में लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं, जिसमें नक्सली मारे जा रहे हैं। जिसे देखते हुए शेष बचे नक्सलियों के परिजन सामने आकर भावुक अपील कर रहे हैं।

**सरकार की डेडलाइन नजदीक, सुरक्षा बलों का ऑपरेशन तेज**





#### 8 लाख के इनामी ऊषा और बलदेव से मां-भाई की पुकार

गरियाबंद के जंगल में सक्रिय 8 लाख की इनामी नक्सली कमांडर ऊषा उर्फ संगीता और बलदेव उर्फ बामन के घर से इस बार घर वापसी करने की आवाज आई है। यह पुकार एक मां की, एक भाई की है, ऊषा, तुम्हारी बूढ़ी मां सिसक रही है, तुम्हारा भाई राह देख रहा है और सिर्फ ऊषा ही नहीं, इनामी नक्सली बलदेव के परिवार ने भी कह दिया है लौट आओ, वरना बहुत देर हो जाएगी। भाई आबूला गंगैया ने कैमरे पर हाथ जोड़कर अपील की है कि ऊषा अब वापस आ जाए। दबाव सिर्फ परिवार का नहीं है बल्कि उन साथियों का भी है जिन्होंने हाल ही में हथियार छोड़े हैं। 24 लाख के तीन इनामी सरेंडर नक्सली जानसी, सुनील डीवीसीएम और दीपक एलजीएस कमांडर जो कभी ऊषा और बलदेव के साथ जंगलों में मौत का खेल खेलते थे। आज सरकार की पुनर्वास नीति का आनंद ले रहे हैं।

#### सरेंडर साथियों ने भी दिया सुकून का संदेश

ऊषा, बलदेव, अंजू, ज्योति... तुम लोग भी लौट आओ। सरकार सम्मान दे रही है, ये आखिरी मौका है। सरकार की डेडलाइन नजदीक है। गरियाबंद-नुवापाड़ा डिवीजन में सक्रिय इन चार बड़े नामों के पास अब समय बहुत कम है। सुरक्षाबल के जवान नक्सल विरोधी अभियान को लेकर जंगलों में लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं। परिजनों को डर है कि अगर इस डेडलाइन से पहले समर्पण नहीं हुआ, तो अंजाम भयानक हो सकता है। यह सिर्फ एक नक्सली के सरेंडर की बात नहीं है, यह एक परिवार के पुनर्मिलन की उम्मीद है। ऊषा और बलदेव के पास मौका है कि वे अपने बूढ़े मां-बाप का सहारा बनें। अब देखने वाली बात होगी कि परिजनों के द्वारा की गई यह अपील शेष बचे नक्सलियों पर कितना असर करता है।

---

## अफसर की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, अपडेट होगा विभागाध्यक्ष भवन का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हार्ट अटैक से अफसर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के नवा रायपुर विभागाध्यक्ष भवन में दस बिस्तर का अस्पताल संसाधनों से लैस होगा। विभागाध्यक्ष सहित आसपास के शासकीय कार्यालयों में आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की उपचार व्यवस्था के लिए खोला गया अस्पताल सुविधाहीन था। खड़े हुए सवालों के बाद हेल्थ सेंटर को सुविधा से लैस करने के साथ आवश्यक स्टाफ से लैस किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार विभागाध्यक्ष भवन में काफी समय से दस बिस्तर अस्पताल का संचालन किया जाता है। अक्सर यह शिकायत सामने आती रहती थी कि यहां डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की उपस्थिति काफी कम संख्या में होती है। इसके अलावा जरूरत होने पर कर्मचारियों को वहां जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पातीं। शिकायतों के बीच पिछले दिनों एक अफसर को मंत्रालय जाने के दौरान हार्ट अटैक आ गया। सहकर्मियों ने गंभीर हालत में उन्हें शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया, मगर उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद वहां के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए दी गई सुविधा पर सवाल उठाया था। घटना के बाद संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने स्वयं विभागाध्यक्ष भवन जाकर वहां मौजूद 10 बिस्तर अस्पताल का निरीक्षण किया था। वहां मिली बेहद कमियों पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। उनके द्वारा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस 10 बिस्तर अस्पताल में जरूरी सुधार के निर्देश दिए थे।

## महाविद्यालय में बीएड शिक्षण अधिगम प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षक प्रशिक्षण को व्यवहारिक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षा संकाय बीएड द्वारा शिक्षण अधिगम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निर्णायक के रुप में उपस्थित देवराज वर्मा प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर, कल्पना साहू शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला बेलसोंडा, महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर एवं बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रदर्शनी का अवलोकन निर्णायक, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षा संकाय के प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

प्रदर्शनी में बीएड प्रशिक्षार्थियों द्वारा शिक्षण अधिगम से संबंधित विविध शिक्षण सहायक सामग्री, मॉडल, चार्ट, कार्यपत्रक एवं नवाचार आधारित शिक्षण उपकरण प्रदर्शित किए गए। इन शिक्षण साधनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विषयवस्तु को सरल, रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवराज कहा कि आज की यह प्रदर्शनी यह सिद्ध करती है कि हमारे भावी शिक्षक केवल विषयवस्तु के ज्ञाता ही नहीं, बल्कि नवाचार, रचनात्मकता एवं व्यवहारिक शिक्षण के प्रति भी पूर्णतः सजग हैं। प्रदर्शनी में प्रस्तुत शिक्षण सहायक सामग्री, मॉडल, चार्ट एवं गतिविधि आधारित साधनों में स्पष्ट रूप से नई शिक्षा नीति, छात्र-केंद्रित शिक्षण तथा सीखने को रोचक बनाने की



भावना दिखाई देती है। कल्पना साहू ने कहा कि कई प्रस्तुतियां ऐसी है, जिनमें जटिल विषयों को भी सरल, स्पष्ट एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। आप सभी प्रशिक्षार्थियों में विषय की समझ के साथ-साथ प्रस्तुतीकरण कौशल, आत्मविश्वास एवं नवाचार की भावना प्रबल है। उन्होंने आगे कहा कि आप इस प्रकार के नवाचारी शिक्षण तरीकों को अपने भावी शिक्षण कार्य में निरंतर अपनाएँ। याद रखिए, एक अच्छा शिक्षक वही होता है जो विद्यार्थियों के मन में सीखने की जिज्ञासा जगा सके।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने कहा कि शिक्षण अधिगम प्रदर्शनी से भावी शिक्षकों में रचनात्मकता, नवाचार एवं व्यवहारिक शिक्षण कौशल का विकास होता है। इससे कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएड विभागाध्यक्ष ने कहा कि आज की यह प्रदर्शनी यह सिद्ध करती है कि हमारे भावी शिक्षक केवल विषयवस्तु के ज्ञाता ही नहीं, बल्कि नवाचार, रचनात्मकता एवं व्यवहारिक शिक्षण के प्रति भी पूर्णतः सजग हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ शत्रुघन पटेल, नम्रता देवांगन, पूनम कंजोसिया, नरेंद्र चौहान, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद श्रीवास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## फिजूलखर्ची बचाने साहू समाज का निर्णय प्री वेडिंग शूट को पूर्ण रूप से करेंगे बंद

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने शादी से पहले दूल्हा और दुल्हन के होने वाले फोटोशूट (प्री-वेडिंग शूट) को फिजूल खर्च मानते हुए इसे पूर्ण रूप से बंद कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय एक प्रकार से प्री-वेडिंग शूट का बहिष्कार भी है, क्योंकि इसके कारण शादी जैसे पवित्र बंधन के दौरान समाज की मूल संस्कृति व परंपराओं को भी युवा पीढ़ी भूलने लगे है।

प्री-वेडिंग शूट को बंद कराने से न केवल फिजूल खर्च नहीं होगा, बल्कि समाज की परंपराओं को युवा के साथ भविष्य की पीढ़ी भी अपनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में संघ की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेशभर के जिलाध्यों को बुलाया गया था। प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू ने बताया की बैठक में समाज की वर्तमान स्थिति, संस्कारों के क्षरण



और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर मंथन किया गया। गहन विचार-विमर्श के उपरांत समाजहित में ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि साहू समाज में प्री-वेडिंग शूट को पूर्णतः बंद किया जाएगा। यह निर्णय समाज में बढ़ते फिजूलखर्ची, दिखावे और संस्कारहीन परंपराओं पर सीधा प्रहार को देखते हुए लिया है। प्रदीप साहू ने बताया कि समाज सदैव सादगी, संस्कार और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है, और इस निर्णय के माध्यम से समाज को पुनः अपनी मूल संस्कृति की ओर लौटाने का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही समाज परिवार संस्कार विकाश अंतर्जातीय विवाह को रोकने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि समाज में बड़ी संख्या में तलाक हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए पारिवारिक काउंसलिंग कराए जाने का निर्णय भी लिया है। बैठक में समाज के संस्कार विकास, सामाजिक एकता और अनुशासन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का भी निर्णय लिया है। बैठक में कहा गया कि जो परंपराएं समाज को कमजोर करती हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## ओपन टॉयलेट में गिरने से पांच साल की मासूम की मौत, सफाई के लिए खुलवाया था मालिक ने, मौसी की गोदभराई में आई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में ओपन टॉयलेट में गिरने से एक पांच साल की मासूम की मौत हो गई। बताया जा रहा है, मासूम अपनी नानी के साथ टॉयलेट करने गई थी। इस दौरान मासूम खुले टॉयलेट के अंदर दौड़ते हुए चली गई और बोरी में ढके गड्ढे में पैर पड़ने से मासूम की टॉयलेट के अंदर गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर एक बजे की है।

गोबरा नवापारा, कुर्रा पटेवा निवासी एलन महिलांग की बेटी रिया (5) की खुले टॉयलेट में गिरने से मौत हुई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रिया अपनी मां साधना के साथ अपनी मौसी की गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि मूलतः बलौदाबाजार निवासी कमलेश धृतलहरे जो एलन का साढ़ू है, कमलेश पंडरी में शीतला मंदिर के पास सतनामीपारा में जीवन लाल कुर्रे के मकान में किराए से रहता है। कमलेश की पत्नी गर्भवती है, जिसका शनिवार को गोद भराई का कार्यक्रम था। इसीलिए साधना अपनी छोटी बहन के यहां आई थी।



#### दो घटना में तीन बच्चों की हो चुकी है मौत

*वर्ष 2024 नवंबर में तथा अप्रैल 2025 में इस तरह की दो घटनाओं में तीन बच्चों की मौत हुई थी। पहली घटना 11 नवंबर 2024 को हुई थी, जिसमें रायपुर के सरकारी स्कूल के पास 2 बच्चे जो रिश्ते में मौसेरे भाई सत्यम (8) तथा आलोक (7) खेलते-खेलते सड़क किनारे बने पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। गड्ढे की गहराई ज्यादा होने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए और डूबने से उनकी मौत हो गई। एक अन्य घटना में 13 अप्रैल 2025 को ईडब्ल्यूएस कॉलोनी गुलमोहर पार्क, रामनगर में हुई थी। निगम की ओर से खोदे गए गड्ढे में 3 बच्चे गिर गए थे। इसमें से एक बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि स्थानीय लोगों की मदद से दो बच्चों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।*

**आधा दर्जन बदमाशों के पकड़े जाने का यह पहला मामला**

रांची में वारदात करने पहुंचे थे, चोरी करने के लिए बाइक तलाश रहे थे इस दौरान पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

## घूम घूमकर उठाईगिरी करने वाले त्रिची गिरोह के आधा दर्जन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में घूम-घूमकर उठाईगिरी करने वाला तामिलनाडु, तिरुच्चिराप्पल्ली (त्रिची) गिरोह के एक साथ छह बदमाशों को क्राइम ब्रांच की टीम झारखंड, रांची से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। गिरोह में शामिल शातिरों ने देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में दो उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद बस से दुर्ग फरार हुए, इसके बाद डब्लूटी ट्रेन से फरार हुए थे। त्रिची गिरोह के एक साथ छह बदमाशों को दबोचे जाने का देश में यह पहला मामला है। इसके पूर्व भी गिरोह के सदस्य छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पकड़े गए हैं, लेकिन उनकी संख्या एक दो की रहती थी। गिरोह में शामिल शातिर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में माहिर होते हैं।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने त्रिची गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि उठाईगिरी करने के आरोप में किट्टू, ए. विनोद कुमार, बाला मुरूगन, कुमरेशन डी., स्कर के. तथा रंगन ए. को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शातिरों के गिरोह को रामजी नगर गिरोह के नाम से भी जाना जाता है।



#### पुलिस ने ऐसे ट्रेस किया गिरोह को

एक ही दिन में कार का शीशा तोड़ कर दो उठाईगिरी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल के आसपास लगे



सीसीटीवी कैमरा के साथ शहर के व्यस्त बाजारों के साथ बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। इस दौरान पुलिस को रेलवे ट्रैक के किनारे आधा दर्जन संदिग्धों के फूटेज मिले। रायपुर के साथ दुर्ग, डोंगरगढ़, गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पुलिस को संदिग्धों के फूटेज मिले। इसके बाद पुलिस को बदमाशों के रांची में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की आधा दर्जन की टीम गठित कर रांची रवना किया।

#### रांची के पर्यटक स्थल पर दबोचे गए

*त्रिची गिरोह के बदमाश रांची पहुंचने के बाद वहां के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल धुर्वा डैम पहुंचे। वहां शातिर एक पार्किंग में उठाईगिरी करने के लिए बाइक चोरी करने की फिराक में घूम रहे थे। इसी बीच पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर सभी बदमाशों को दबोच लिया। मौके का फायदा उठाकर एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा।*

#### त्रिची पहुंचने के बाद पकड़ना मुश्किल

*आईडेंटीफाई बदमाश त्रिची पहुंच जाते, इसके बाद उन्हें पकड़ना मुश्किल था। शातिर तिरुच्चिराप्पल्ली के जिस इलाके में रहते हैं, उस पूरे क्षेत्र में अलग-अलग उठाईगिरी करने वालों का गिरोह रहता है। पुलिस के आने पर शातिर अलर्ट हो जाते हैं। पुलिस के आने पर महिलाएं पुरुषों को भगा देती हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर पुलिस पर हमला तक कर देती हैं।*

## छठवीं पास ने दो दर्जन लोगों को क्रिप्टो, शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ठग लिया सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्रिप्टो करेंस, शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा का झांसा देकर एक करोड़ 35 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी को पंडरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ टिकरापारा थाना में ठगी का अपराध दर्ज है। जालसाज ने 26 अलग-अलग लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। ठगी के आरोप में पुलिस ने देवपुरी निवासी कुलदीप भतपहरी को गिरफ्तार किया है। कुलदीप के खिलाफ अमित दास ने इसी महीने पंडरी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। अमित ने पुलिस को बताया कि कुलदीप के साथ वर्ष 2021-22 उसकी पहचान हुई थी। तब कुलदीप ने अमित को अपना परिचय शेयर मार्केट, आईपीओ, एनएसई सहित अन्य वित्तीय लेन-देन के साथ क्रिप्टो करेंसी निवेश का एडवाइजर होना बताया था। इसी तरह से कुलदीप ने अपने आसपास के लोगों को अपना परिचय वित्तीय लेन देन का सलाहकार होने का झांसा देकर उन लोगों को मुनाफा



दिलाने का झांसा देकर भारी रकम निवेश कराया। जिन लोगों से कुलदीप ने रकम निवेश कराया, उन्हें कुछ समय रकम रिफंड भी किया। इसके बाद वह दिसंबर 2024 में फरार हो गया।

**खबर संक्षेप**



## पाटनदादर में कबड्डी स्पर्धा का नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**महासमुंद।** झलप क्षेत्र के ग्राम पाटनदादर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपस्थित होकर फीता काटकर स्पर्धा का शुभारंभ किया।
उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साहू ने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में कबड्डी खेल का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर ख्याति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पाटनदादर (माधोपुर) के उत्साही युवाओं की प्रशंसा कर आयोजन के शुभकामनाएं दी। साथ ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।
इस अवसर पर ग्राम प्रमुख अमरु लाल ध्रुव, रमेश ध्रुव, भगत राम ध्रुव, राजाऊ राम ध्रुव, साधु राम ध्रुव, शिवप्रसाद ध्रुव, यादराम ध्रुव, मानसिंह ध्रुव, बृजराम बरिहा, मानसिंह बरिहा, जीवन बरिहा, कौशल बघेल, हरीश ध्रुव, संतोष ध्रुव, यादराम ध्रुव, मेष राम ध्रुव, कमलेश ध्रुव, नरेंद्र बरिहा, राकेश ध्रुव, विजय बरिहा, अगहन ध्रुव, कमलेश चक्रधारी, मनीष ध्रुव, युगल बरिहा, मुकेश बरिहा, तान्या, प्राची आदि उपस्थित थे।

## लौंदमुड़ा में श्रीमद्भागवत कथा आज से

महासमुंद। माघ गुप्त नवरात्रि ग्राम लौंदमुड़ा (अमेरा) स्थित शिव मंदिर पंचायतन में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन सोमवार 19 जनवरी से रविवार 25 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से संध्या 06 बजे तक किया गया है।
कार्यक्रम में कथावाचन पं. हेमप्रकाश होंगे। कथा का पारायण पं. नारायण तिवारी करेंगे।

# सांसद बृजमोहन ने किया महिला जिम व अखाड़ा चौक का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नगर के सबसे प्राचीन श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति द्वारा नवनिर्मित महिला जीम भवन एवं श्री महावीर बजरंग अखाड़ा चौक का उदघाटन भगवान श्री हनुमान जी महाराज की आरती व पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का अखाड़ा समिति के सदस्यों द्वारा आतिशबाजी व फूल माला के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत व भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय गोयल, प्रदेश मंत्री भाजपा किशोर देवांगन सांसद प्रतिनिधि दयालु गाड़ा, चंद्रकला ध्रुव जनपद सदस्य, सहदेव कंसारी सभापति, निर्मला-धीरज साहू सभापति,पार्षद जीना निषाद, नम्मू नारायण ध्रुव पार्षद, परदेसी राम साहू अध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण किसान मोर्चा, युधिष्ठिर चंद्राकर सहित श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति के संरक्षक कलीदान कंसारी, शिवकुमार पांडेय, हेम सिंह पटेल, योगेंद्र कंसारी पूर्व पार्षद रूपेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष- लक्ष्मण सुंदरानी, उपाध्यक्ष- गोविन्दा कंसारी, सौरभ जैन विधायक प्रतिनिधी, सचिव- रूप जगत, मीडिया प्रभारी तुकाराम कंसारी, हीरा सिंह केवट लाला पटेल मेहुल जैन भोलू यादव, पवन बाडिया,मोनू कंसारी, मोहित कंसारी, कान्हा साहनी, विजय यादव, डिगेश साहू, कुणाल सेन हूमन निषाद, बाबूलाल यादव, विजय यादव, चंदू सोनकर, धनेंद्र साहू, रवि कंसारी, अंकित कंसारी, लक्की, निलेश, अप्पू सोनकर, अश्वनी साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बेलर बिहान के कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बेलर बिहान के कार्यकर्ताओं या सदस्यों द्वारा शनिवार को सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। रेखा साहू के नेतृत्व में अश्वनी साहू, पुर्णिमा यादव, रूखमणि साहू, रामेश्वरी साहू, रेवती यादव ने बाजार स्थल में मड़ई आयोजन उपरांत फैले कचरा को साफ कर पूरे इलाके को चकाचक' स्वच्छ और चमकदार बनाने में सहभागिता दिया। रेखा साहू ने कहा की गांवों को स्वच्छ बनाना, गंदगी दूर करना और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना औरो के जीवनस्तर सुधारने में मदद करते हैं। कहा कि सफाई करना सभी का दायित्व है और सफाई रहने से बीमारियां होने का खतरा कम हो जाता है। रेखा साहू एवं सभी महिलाओं ने अपिल कीया कि आसपास में रहने वाले एंव बाजार में आने वाले, बाजार में लगाने वाले दूकान लोगों से अनुरोध किया है कि वे बाजार की खराब कचरा वस्तुओं को कूड़ेदान में ही फेंके व डाले। इस मौके पर ग्राम बेलर केजश नीलकंठ साहू, माखन यादव, लेखराम रात्रे, कुलदीप सिन्हा उपस्थित थे।

## कांग्रेस महासचिव खटकर ने लिया मनरेगा बचाओ अभियान का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ राज्य कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव तरुण खटकर जी का जिला गरियाबंद के ब्लाक छुरा मे देश मे चल रही मनरेगा बचाओ अभियान तहत कार्य योजना सहित विभिन्न पार्टी कार्यों की जानकारी लेने पहुंचे।

स्थानीय विश्राम गृह छुरा में सम्पूर्ण कार्यो का जायजा लिया। वहीं महासचिव तरुण खटकर नेहा कहा की भाजपा के पास कोई ठोस जनहितैसी कोई कारगर काम व योजना नहीं है सिवाय पूर्व सरकार के कार्यों के नाम बदलना और राष्ट्रीय सम्पत्ति बेचना भाजपा नाम के पिछे और कांग्रेस काम के पीछे दौड़ती है। इस मुलाकात के दरमियान जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों में अब्दुल समद खान रिजवी, राजा साहब यशपेन्द्र शाह, डॉ. योगेंद्र चन्द्राकर, आदिवासी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर, समाज सेवी व लोक रंग कार्यक्रम के कलाकार लक्ष्मण साहू, रेशम साहू प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता को नमन करने मानिकचौंरी पहुंचे सांसद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, प्रान्तीय संगठन मंत्री पवन साय रविवार को ग्राम मानिकचौंरी पहुंचे और श्रद्धा सुमन अर्पित किया।




## पेज 9 के शेष...

### अति नक्सल प्रभावित...

तथा बच्चों को पाठ्य सामग्री, चप्पल, कंबल तथा बुजुर्गजनों को लूंगी एवं महिलाओं को साड़ी आदि वितरित किया गया। ग्रामीणों से नक्सलवाद के प्रभाव के संबंध में चर्चा की गई तथा नक्सलियों के वर्तमान गतिविधियों के बारे में पूछा गया। ग्रामीणों द्वारा नक्सलियों का प्रभाव कम होने तथा क्षेत्र में शांति का वातावरण निर्माण होना बताया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से उनके स्वास्थ्य के साथ हाल–चाल एवं व्यवसाय के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि छोटी–मोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी मैनपुर तक जाना होता है। पक्की सड़क नही होने से बरसात के महीने में अस्पताल तक जाने में असुविधा होती है, साथ ही इस क्षेत्र में बांस शिल्पकारों की संख्या अधिक है। लेकिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा नही होने के कारण बड़े बाजारों तक पहुंचना कठिन है। जिससे सामानों का सही कीमत नही मिल पा रहा है। जिसके कारण व्यवसाय लाभदायक नही हो पा रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि उनकी इन समस्याओं को संबंधित पदाधिकारी तक शीघ्र पहुंचाया जाएगा तथा नक्सली मुक्त होने वाले क्षेत्र के विकास के लिए पुलिस की तरफ से की जाने वाली हर संभव कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्राकर...

अंतिम छोर के व्यक्ति तक मिले इसके लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को गांव,गांव तक जाकर कार्य करने की जरूरत है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत, जी राज जी अधिनियम से देश के गांव की तश्वीर बदलेगी, उन्होने कहा कि यह ऐतिहासिक क्रांतिकारी और लोक कल्याण के दिशा में मिल का पत्थर सामिल होगा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों, मजदूरों के लिए समर्पित व प्रतिबंध्द होकर कार्य कर रही है, केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया विकसित भारत गारंटी में ग्रामीण परिवारों को 125 दिन और वनांचल क्षेत्र में 150 दिन की रोजगार की गारंटी दी गई है, साप्ताहिक, मजदूरी भुगतान की अनिवार्यतः से श्रमिकों को समय पर आय मिलेगी और जीवन स्तर पर सुधार आयेगा यह कानून विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूती देगा।

### लादनपारा के कबड्डी...

खेल से मानसिक व शारीरिक दोनों ही विकास को बढ़ावा देते हैं। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी जगाते हैं। साथ ही आगे कहा कि आयोजकों की सराहना करते हुए कहा गांवों में कबड्डी खेल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें तराशने और उचित मंच देने की आवश्यकता है। पारा वालो की मांग पर सीसी रोड के साथ माईक सेट के लिए दस हजार रुपए देने की घोषणा की गई। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक है। यह हमे हमारी जड़ों से जोड़ता है और बताता है कि असली ताकत फैंसी उपकरणों में नहीं, बल्कि जोश और जुनून में होती है। पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर ने कहा कि पहली बार इस पारा में इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है इसके लिए समस्त पारावासियो को हार्दिक शुभकामनाएं। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर कबड्डी के प्रति अपने जुनून, साहस और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

**बेस्ट केचर लुगेन्द्र मेडल से सम्मानित-** प्रतियोगिता के समापन पर प्रथम विजेता टीम को 10,000 हजार रुपए और ट्राफी वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 7000 हजार रुपए व ट्राफी और तृतीय स्थान हासिल करने वाले टीम को 5000 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान किया और चतुर्थ टीम को 3000 हजार रुपए व ट्राफी से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बेस्ट आल राउंडर गौतम, बेस्ट रेडर दूर्गा, बेस्ट केचर लुगेन्द्र को मेडल से सम्मानित किया गया। यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदकुमार रात्रे, रामप्रसाद साहू,बुधलाल नेगी, बेदराम ध्रुव, टंकेश्वर मरकाम, पुराणिक नागेश, गिरिवर निषाद, राजकुमार लहरें सहित समस्त लादनपारा वासी अपने तन मन धन से जुटे हुए थे। और इस आयोजन में सभी की भागीदारी रही।

### सेवा ही है साधना...

आनंद, शांति और सद्भाव से जोड़ना है।
**समस्याओं का निवारण के लिए मार्गदर्शन-** महोत्सव के दौरान ध्यान-साधना सत्र, भजन-कीर्तन, आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग, सेवा कार्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित किया जायेगा जिनसे श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति एवं ऊर्जा की अनुभूति हो। दूसरे दिन विशाल सत्संग एवं सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से विश्व कल्याण, सामाजिक समरसता और मानव कल्याण की कामना किया जाएगा साथ ही मंत्र दीक्षा, समस्याओं का निवारण के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. आनंद मतावले गुरुजी ने स्वामी अनुराज जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका दिव्य ज्ञान को आप सभी साधक शिष्यों को धारण कराना ताकि आपके जीवन भौतिक सुखों को प्राप्त कर सके और सेवा ही साधना आज के युग में अत्यंत प्रासंगिक है। समाज में नैतिकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए ऐसे आयोजन प्रेरणास्त्रोत हैं। अवसर पर आयोजकों द्वारा अतिथियों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। दो दिवसीय अमृत आनंद महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ होगा। गुरु सत्ता आध्यात्मिक तंत्र ज्योतिष वेलफेयर सोसायटी राजिम के संचालक संरक्षक डॉ. आनंद मतावले गुरुजी, रामधन जोशी, रामगुलाल साहू राजिम, चंद्रशेखर सिन्हा मैनपुर, राजू चंद्राकर बागबाहरा, परमानन्द साहू रायपुर, गिरीश गजेन्द्र बसना, ओंकार साहू गरियाबंद, लोकनाथ आण्डे, भीषलाल साहू, भागचंद चतुर्वेदी, सहदेव बंजारे उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिव महापुराण में श्रद्धा सती चरित्र की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**राजिम।** नगर के पटेल पारा, वार्ड क्रमांक 3 में निर्मल परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। जेंजरा वाले श्री कालेश्वर तिवारी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही इस पावन कथा को सुनने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के आज के प्रसंग में सती चरित्र का अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक वर्णन किया गया। भगवान शिव के प्रति माता सती की अटूट भक्ति, दक्ष प्रजापति के यज्ञ प्रसंग तथा सती के आत्मबलिदान की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। व्यासपीठ से तिवारी जी ने सती चरित्र के माध्यम से भक्ति, समर्पण और त्याग का महत्व विस्तार से बताया। आज सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण के रूप में शिव-पार्वती विवाह कथा का दिव्य एवं भव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। निर्मल परिवार एवं पटेल पारा के समस्त निवासियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।


### कोसमबुड़ा में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज

**कोमाखान।** ग्राम कोसमबुड़ा (छुरा) में 19 जनवरी से श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया, जो 27 जनवरी तक चलेगा। इस संबंध में आयोजक कनक राय हिंडोचा एवं हिंडोचा परिवार ने बताया कि इसके कथा वाचक बसंत मिश्रा ग्राम घोंच (जिला महासमुंद) निवासी होंगे। प्रथम दिवस 19 जनवरी को मंगला चरण श्रीमद भागवत महात्मय की कथा होगी। द्वितीय दिवस 20 जनवरी को परीक्षित जन्म तथा वराह अवतार कथा। तृतीय दिवस 21 जनवरी को कपिल भगवान चरित्र एवं ध्रुव चरित्र जड़ भारत कथा। 22 जनवरी को भक्त प्रहलाद कथा, समुद्र मंथन, वलिवामन भगवान प्रसंग। 23 जनवरी को राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा। पश्चात 24 जनवरी को कृष्ण दही लूट, रूखमणी विवाह। 25 जनवरी को भस्मासुर वध, सुदामा चरित्र। 26 जनवरी को परमधाम तुलसी वर्षा की जाएगी। अंतिम दिवस 27 जनवरी को श्रीमद भागवत गीता प्रवचन, हवन पूर्णहुति, सहस्त्रधारा स्नान प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन होगा।

**आत्मीय स्वागत :** बैंड बाजा, धुमाल सहित वाद्य यंत्रों से पूरा शहर गूंज उठा

# मुनि विशुद्ध सागर महाराज का 24 मुनियों संग ऐतिहासिक मंगल प्रवेश, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कहते हैं संत के दर्शन से मन पावन और चरण रज से धरा धन्य होती है रविवार को यह कहावत नवापारा नगर में सजीव हो उठी, जब जैन मुनि विशुद्ध सागर महाराज जी सहित 24 मुनियों का पावन पदार्पण पंचकल्याणक को लेकर नगर की पावन धरती पर हुआ। मुनि श्री के आगमन पर नवापारा शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। बैंड बाजा, धुमाल बाजा सहित कई प्रकार के वाद्य यंत्रों से पूरा शहर गुंज उठा। सुबह से ही नगर के कण-कण में भक्ति की सुगंध फैल गई। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने अपने घरो एवं दुकान के सामने तथा चौक-चौराहों पर पाटा बिछाकर, चरणामृत ग्रहण कर मुनि श्री का आत्मीय स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां भक्ति हो, वहां व्यवस्था अपने आप बन जाती है-यह दृश्य हर कदम पर देखने को मिला। महिलाओं एवं युवाओं का अनुशासित उत्साह ने इस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। इस ऐतिहासिक स्वागत में ब्राह्मण समाज, सिंधी समाज, गुजराती समाज, सिक्ख समाज, माहेश्वरी समाज सहित सर्व समाज ने एकजुट होकर सहभागिता निभाई। संत किसी एक समाज के नहीं, समूचे समाज की धरोहर होते हैं इस भाव को नगरवासियों ने कर्म में उतार दिया। राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुनि श्री का सम्मान कर आशीर्वाद लिया और उनके विचारों को समाज के लिए पथ प्रदर्शक बताया। मुनि विशुद्ध सागर महाराज जी के दर्शन से वातावरण खुशनुमा रहा। नगरवासियों का कहना था कि ऐसे संतों का सान्निध्य जीवन में सत्य, अहिंसा और संयम की लौ प्रज्वलित करता है। आयोजन के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का जो संगम देखने को मिला, उसने यह सिद्ध कर दिया कि नवापारा केवल एक नगर नहीं, बल्कि संस्कारों की जीवंत भूमि है। जहाँ संत आएं, वहां कलह नहीं, केवल कल्याण होता है। मुनि श्री के नवापारा पदार्पण ने नगर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ भी श्रद्धा से स्मरण करेंगी।

**पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव जैन समाज का सर्वाधिक महत्वपूर्ण नैमित्तिक महोत्सव-** पंच कल्याणक समिति के अध्यक्ष मनोज जैन एवं उपाध्यक्ष रमेश चौधरी ने बताया कि पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव जैन समाज का सर्वाधिक महत्वपूर्ण नैमित्तिक महोत्सव है। यह आत्मा से परमात्मा बनने की प्रक्रिया का महोत्सव है। पौराणिक पुरुषों के जीवन का संदेश घर-घर पहुंचाने के लिए इन महोत्सवों में पात्रों का अवलम्बन लेकर सक्षम जीवन यात्रा को रेखांकित किया जाता है। पंचकल्याणक के पहले दिन को गर्भ कल्याणक कहते हैं, जिसमें भगवान के जन्म से पहले माता त्रिशला के स्वप्न, उनकी गर्भावस्था की खुशी, और इंद्रों द्वारा दिव्य उत्सव मनाने का वर्णन होता है, जिसके मुख्य कार्यक्रम घट यात्रा, ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन होते हैं, और यह समारोह आत्मा के कल्याण का मार्ग दिखाता है।

### स्वागत में विधायक सहित पूरा शहर उमड़ा

इस दौरान मुनि श्री के स्वागत के लिए राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता राजू साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, परदेशी राम साहू, मुकुंद मेश्राम, टिंकु संजीव सोनी, बॉबी चांवला, सहदेव कंसारी, सौरभ सिंटु जैन, प्रेम साधवानी, योगिता सिन्हा,हर्षा कंसारी, किशोर जैन, पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष मनोज जैन,उपाध्यक्ष रमेश चौधरी, नरेंद्र चौधरी, निर्मल जैन, जैन समाज के अध्यक्ष अखिलेश जैन, अनिल जैन, आशीष चौधरी, आशीष जैन, आलोक पहाड़िया, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, मंगराज सोनकर, ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ आर बी शर्मा,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,मधुसुदन शर्मा, वेदप्रकाश तिवारी, श्याम किशोर शर्मा, कैलाश शुक्ला, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, ,सौरभ शर्मा, अशोक तिवारी, अजय तिवारी, शिव तिवारी, सुभाष शर्मा, हिमांशु दुबे, श्रीनिवास शुक्ला, दिनेश तिवारी, चंद्रिका शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, महेश तिवारी, सौरभ उपाध्याय, हिमांशु दुबे, कैलाश तिवारी, मनहरण तिवारी, जितेंद्र भट्ट, पीयूष शर्मा, अंजय शर्मा, अखिलेश शर्मा, अतुल शर्मा, प्रशांत मिश्र, कमल शर्मा, दिनेश शर्मा, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, रुचि शर्मा,तारणी शर्मा, आयुषी शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में स्वागत के लिए शहरवासी पहुंचे थे।

### नगर हुआ भक्ति और श्रद्धा से सराबोर

जैन मुनि विशुद्ध सागर महाराज जी के आगमन से नगर पूरी तरह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। मुनि श्री के स्वागत, सत्कार एवं सम्मान के लिए सुबह से ही पूरे शहर में उल्लास और खुशियां देखी गई। शहर उमड़ पड़ा और हर वर्ग, हर समाज के लोगों ने सहभागिता कर इसे ऐतिहासिक बना दिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या इस पावन अवसर की साक्षी बनी। मुनि श्री के आगमन पर नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। उनके दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं के चेहरे पर शांति और संतोष झलकता रहा। उनके आगमन के दौरान अनुशासन, व्यवस्था और श्रद्धा का अदभुत समन्वय देखने को मिला, जिसने इस पदार्पण को नगर के इतिहास में अविस्मरणीय बना दिया। नगरवासियों ने मुनि श्री के नवापारा आगमन को धार्मिक सौभाग्य बताते हुए कहा कि ऐसे संतों का सान्निध्य समाज को सत्य, अहिंसा और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुनि विशुद्ध सागर महाराज जी के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया कि नवापारा नगर धार्मिक सदभाव सामाजिक एकता और संस्कारों की सशक्त परंपरा को जीवंत रूप से निभा रहा है। स्वागत के लिए पूरा नगर पोस्टर, फ्लैक्स, बैनर से सजा हुआ है।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा, कोसमी, छुरा में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएससी) के अंतर्गत आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शिक्षण पद्धति एवं परिणाम-आधारित शिक्षा विषय पर आधारित होगा, जिसमें उच्च शिक्षा में प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, नवाचार और परिणाम-आधारित शिक्षा प्रणाली पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सोमवार से शनिवार तक विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल, ब्लॉक-02 में आयोजित होगा। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें उच्च शिक्षा में महिलाओं की विशिष्ट उपलब्धियों को केंद्र में रखा गया है, जिसके अंतर्गत देश की प्रतिष्ठित महिला शिक्षाविद् अपने अनुभव और अकादमिक दृष्टिकोण साझा करेंगी। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं के रूप में शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की प्राचार्या प्रो. अंजलि ओढिया, कालिंगा विश्वविद्यालय की आइक्यूएससी निदेशक प्रो. विजयलक्ष्मी बिरादार, शासकीय वियाईटी पीजी कॉलेज की भौतिकी आचार्य प्रो. जगजीत कौर सलूजा, भिलाई महिला महाविद्यालय की प्रो. भावना पांडेय तथा सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल की प्रो. रश्मि टी मिश्रा सहभागिता करेंगी। ये सभी वक्ता शिक्षा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी एवं उच्च शिक्षा प्रशासन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। इस अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय के आइक्यूएससी निदेशक डॉ. एन कुमार स्वामी ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, पाठ्यक्रम नियोजन, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा आउटकम बेस्ड शिक्षा की व्यवहारिक समझ प्रदान करेगा। साथ ही यह राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की अपेक्षाओं के अनुरूप शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम का संयोजन विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन एवं अध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने किया है।



### डॉ. देवेन्द्र ने संभाला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का पदभार

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश संयोजक डॉ. देवेन्द्र कश्यप ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान जिला संयोजक डॉ. मनीश कुमार सिन्हा ने कहा कि देवेन्द्र कश्यप का अनुभव एवं दुरदर्शीय सोच एवं संगठनात्मक कौशल चिकित्सा से उनके नेतृत्व में संगठन अधिक सशक्त बनेगा। इस दौरान मैनपुर देवभोग क्षेत्र से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में दो-दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- डॉ. चंद्रमणि सिंह ने दिया सिविल सर्विसेज का मंत्र

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कला एवं मानविकी संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला के संसाधक (रिसोर्स पर्सन) गैर सरकारी संगठन के अध्येता एवं सिविल सर्विसेज परीक्षाओं के प्रतिभागियों के अनुभवी मार्गदर्शक डॉ. चंद्रमणि सिंह रहे। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानविकी विषयों के महत्व, उनकी व्यापक संभावनाओं तथा सिविल सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी की वैज्ञानिक दिशा से परिचित कराना था। दो दिनों में कुल आठ सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं अर्थशास्त्र जैसे विषयों की उपयोगिता, नोट्स निर्माण की आधुनिक तकनीकें, करंट अफेयर्स को विषयों से जोड़ने की कला, विश्लेषणात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन, उत्तर लेखन एवं निबंध लेखन की बुनियादी विधियां, डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग तथा यूपीएससी परीक्षा की संपूर्ण संरचना, पात्रता और रणनीति की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस में वैकल्पिक विषय चयन की रणनीति, अध्ययन की समय-सारिणी, संसाधनों का चयन, कोचिंग बनाम स्व-अध्ययन का संतुलन, व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्मविश्वास निर्माण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ग्रामीण एवं आदिवासी पृष्ठभूमि से सफल अभ्यर्थियों के उदाहरणों ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रेरित किया। समापन सत्र में आयोजित प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खुलकर अपने संदेह रखे, जिनका डॉ. चंद्रमणि सिंह ने सरल एवं व्यावहारिक ढंग से समाधान किया। लक्ष्य निर्धारण एवं प्रतिबद्धता पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के प्रति गंभीरता और संकल्प व्यक्त किया।

### विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा की यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों के लिए केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके जीवन की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। डॉ. चंद्रमणि सिंह ने जिस सरलता, स्पष्टता और प्रेरक शैली में विषयों को प्रस्तुत किया,



उससे बच्चों में आत्मविश्वास और उद्देश्यबोध का विकास हुआ है। ऐसे मार्गदर्शन से ही दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्र के बच्चे भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस जुटा पाते हैं। डॉ. यादव ने विद्यालय परिवार की ओर से डॉ. चंद्रमणि सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका योगदान विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक और प्रेरक कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित होते रहेंगे। कार्यशाला में सहभागी विद्यार्थियों ने संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पहली बार मानविकी विषयों और सिविल सर्विसेज की तैयारी की एक स्पष्ट, व्यावहारिक और प्रेरक दिशा मिली है। कई विद्यार्थियों ने इसे आंखें खोल देने वाला अनुभव बताया और भविष्य में इसी मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया। समग्र रूप से यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक, प्रेरक और दूरदर्शी सिद्ध हुई, जिसने उनके सपनों को केवल कल्पना से निकालकर ठोस लक्ष्य और सुनियोजित योजना में बदलने की मजबूत नींव रखी।

## कांग्रेस के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने की प्रदेश अध्यक्ष बैज से मुलाकात

**मैनपुर।** छत्तीसगढ प्रदेश में लंबे इंतजार के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी किया गया बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने राजधानी रायपुर पहुंचकर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात किया और आभार व्यक्त किया। इस दौरान मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, अमलीपदर ब्लॉक अध्यक्ष ललिता यादव, देवभोग ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन्द्र मांझी, गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी, एंव जिले के



अन्य कांग्रेस पदाधिकारी बडी संख्या में शामिल थे, कांग्रेस के छत्तीसगढ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई दी साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव तक पहुंचकर केन्द्र और राज्य के भाजपा सरकार के जनविरोधी नितियों से लोगों को अवगत कराने कहा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्षो सें मनरेगा योजना, बिजली बिल बढोतरी, धान खरीदी में अनियमिमता सहित स्थानीय समस्याओं को लेकर कांग्रेस संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन आंदोलन के संबंध में विस्तार से चर्चा किया की।

**आईएसबीएम विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन**

# मातृभाषाओं में संवाद से सुदृढ़ होगी राष्ट्रीय एकता : डॉ. युद्धिष्ठिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) में राष्ट्रीय सिंधी विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के विशेष सहयोग से हिन्दी विभाग, कला एवं मानविकी संकाय द्वारा सिंधी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति का आदान-प्रदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन शनिवार को किया गया। इस संगोष्ठी में भारतीय भाषाओं की साझा सांस्कृतिक विरासत, लोकपरंपराओं और भाषायी संवाद पर चर्चा-परिचर्चा की गई। विद्यार्थी बुक डिपो एवं जनरल स्टोर्स, भिलाई 3 और सागर इंटरप्राइजेस, छुरा का इस कार्यक्रम के लिए विशेष सहयोग किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर संत श्री युधिष्ठिर लाल जी महाराज ने अपने उद्बोधन में भारतीय भाषाओं की आत्मिक एकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, मूल्य और जीवन-दृष्टि की संवाहक होती है। उन्होंने मातृभाषाओं के प्रति कम होती मोह को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सिंधी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं की लोकचेतना, परंपरा और सांस्कृतिक साम्य को रेखांकित किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हिन्दी आचार्य एवं प्रख्यात भाषाविद् डॉ. गिरिजाशंकर गौतम ने दोनों भाषाओं के ऐतिहासिक, साहित्यिक और भाषावैज्ञानिक पक्षों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन और आपसी संवाद से भारतीय भाषिक परंपरा और अधिक समृद्ध होती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. जे. सी. अजवानी ने भाषा और संस्कृति के मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर अपने विचार साझा किए तथा भाषायी पहचान को जीवन एवं संस्कृति से से जोड़ा।

### संस्कृतियों को जिंदा रखने में लोक भाषाओं का महत्वपूर्ण योगदान

इस अवसर पर छात्रों और शोधार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि सिंधी और छत्तीसगढ़ी जैसी भारतीय भाषाएं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और आपसी संवाद से ही सांस्कृतिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव है। कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने कहा कि संस्कृतियों को जिंदा रखने में लोक भाषाओं का बहुत योगदान है। लोकभाषाएँ हमें जीवन और परम्परा से जोड़ती हैं। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी ने सिंधी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं के सांस्कृतिक पक्ष की ओर ध्यान दिलाया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास के सतत प्रयासों और



प्रभावी समन्वय से आयोजन को आवश्यक सहयोग एवं व्यवस्थागत सुदृढ़ता प्राप्त हुई। संगोष्ठी में शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। मालूम हो कि प्रथम सत्र में डॉ. पूनम वर्मा, डॉ मुमताज परवीन और डॉ अश्वनी कुमार साहू ने अपना संबोधन दिया। संगोष्ठी का संयोजन कला एवं मानविकी संकाय के अध्यक्ष एवं हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. दिवाकर तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुकृति पाठक ने किया। आयोजन को सफल बनाने में संकाय के सभी सदस्यों-डॉ. अश्वनी कुमार साहू, डॉ. पद्मलोचन राउत, डॉ. जब्बार अहमद, डॉ. मुमताज परवीन, डॉ. संध्या बिसेन, कृष्ण कुमार, मोहित राम चेलक, अशोक साहू, रमेश कुमार नायक, सुश्री भमाती साहू एवं सुश्री कविता साहू-सहित विश्वविद्यालय के अन्य संकायों के शिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह राष्ट्रीय संगोष्ठी भाषायी अध्ययन, सांस्कृतिक विमर्श और अंतर-क्षेत्रीय संवाद को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सार्थक पहल सिद्ध हुई।

